


RNI No. GUJHIN/2011/39228

GARVI GUJARAT

# गरवी गुजरात

गरवी गुजरात

अहमदाबाद से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 15
अंक : 129
दि. 08.09.2025,
सोमवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : MANOJKUMAR CHAMPAKLAL SHAH Regd. Office: TF-01, Nanakram Super Market,Ramnagar,Sabarmati, Ahmedabad-380 005. Gujarat, India.

Phone : 90163 33307 (M) 93283 33307, 98253 33307 • Email : garvigujarat2007@gmail.com • Email : garvigujarat2007@yahoo.com • Website : www.garvigujarat.co.in


## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने श्री नारायण की जयंती पर उनके दर्शन को याद किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री नारायण की जयंती पर उनके दर्शन और हमारे सामाजिक तथा आध्यात्मिक परिदृश्य पर इनके प्रभाव को याद किया है। श्री मोदी ने कहा, "समानता, करुणा और सार्वभौमिक भाईचारे की उनकी शिक्षाएं व्यापक रूप से गूंजती हैं।" प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया; "श्री नारायण गुरु की जयंती पर, हम उनके दृष्टिकोण और हमारे सामाजिक एवं आध्यात्मिक परिदृश्य पर उनके प्रभाव को याद करते हैं। समानता, करुणा और विश्व बंधुत्व की उनकी शिक्षाएँ व्यापक रूप से गूंजती हैं।



## 'भारत-अमेरिका के बीच एक मजबूत साझेदारी', राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोस्त वाले बयान पर पीएम मोदी बोले

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर जवाब दिया, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि दोनों नेता हमेशा दोस्त रहेंगे। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि, 'वो ट्रंप की बातों और भारत-अमेरिका रिश्तों को लेकर उनके सकारात्मक नजरिए की दिल से सराहना करते हैं।

मोदी ने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत, सकारात्मक और दूर की सोच वाली साझेदारी है। ये बात दोनों नेताओं की आपसी समझ और दोस्ती की गहराई को भी दिखाती है।

ट्रंप ने क्या कहा था?

व्हाइट हाउस में भारत-अमेरिका रिश्तों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई अहम बयान दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते



हुए कहा, 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता है। इसमें चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है।'

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर क्ल्र्ल्र्र्ि२ 'ड्ढ्ढश्र्ल्लॅ जैसा पोस्ट किया था, तो उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हमने ऐसा कहा है।' उन्होंने आगे कहा,'मेरे और प्रधानमंत्री मोदी के रिश्ते बहुत अच्छे हैं। कुछ महीने पहले वे यहां व्हाइट हाउस आए थे और हम रोज गार्डन में साथ थे।'

ट्रंप ने पीएम मोदी-पुतिन और शी जिनपिंग की साथ वाली तस्वीर पोस्ट की

बता दें कि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 5 सितंबर को ट्रुथ सोशल पर रउड समिट में पीएम मोदी-पुतिन और शी जिनपिंग की साथ वाली तस्वीर को पोस्ट करते हुए लिखा था कि, 'लगता है हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। उन्हें एक लंबा और समृद्ध भविष्य मिले।'

## 7 सितंबर को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ, जानिए आवेदन प्रक्रिया और पात्रता की शर्तें

(जीएनएस)।

बिहार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 7 सितंबर (रविवार) को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी मौजूद रहेंगे।



कैसे करें आवेदन?

शहरी क्षेत्र की महिलाएं नगर निकाय क्षेत्र के लिए लॉन्च होने वाले वेब पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने पंचायत/ब्लॉक कार्यालय में जाकर ऑफलाइन फॉर्म भर सकेंगी।

कब आएंगे पैसे?

योजना के तहत हर परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए 10,000 रुपये की पहली किस्त मिलेगी। 7 सितंबर से रजिस्ट्रेशन शुरू होगी। 15 सितंबर से सीधे बैंक खाते में पैसे भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

योजना का उद्देश्य

हर परिवार की एक महिला को आर्थिक सहयोग देना।

महिलाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना।

परिवार और समाज की आर्थिक स्थिति मजबूत करना।

भविष्य में मिलने वाला लाभ

पहली किस्त 10 हजार रुपये मिलने के बाद,

रोजगार की प्रगति देखने के लिए 6 महीने बाद समीक्षा होगी।

सफल होने पर महिलाओं को आगे चलकर 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आर्थिक मदद भी दी जाएगी।

## अमेरिका से तनातनी के बीच पीएम मोदी का बड़ा फैसला, यूएन महासभा में नहीं होंगे शामिल, कौन रखेगा भारत का पक्ष?

(जीएनएस)।

अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार तीखे बयानों ने दिल्ली-वॉशिंगटन रिश्तों में कड़वाहट ला दी है। ट्रंप ने तो यहां तक कह दिया कि अमेरिका, भारत और रूस को चीन के हाथों खो चुका है।' ऊपर से खबर है कि ट्रंप क्वाड बैठक के लिए भारत आने का प्लान भी नहीं बना रहे। ऐसे माहौल में अब प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है- लेकिन उन्होंने ये फैसला क्यों लिया, यही सबसे बड़ा सवाल है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार संयुक्त राष्ट्र महासभा (वठत्र्क्ष) के जनरल डिबेट में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। उनकी जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर 27 सितंबर को भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखेंगे। यह बदलाव अचानक आया है क्योंकि जुलाई में जारी लिस्ट में पीएम मोदी का नाम तय था और वे 26 सितंबर को बोलने वाले थे।

इस बदलाव का मतलब है कि मोदी इस साल उस मंच पर नजर नहीं आएंगे, जहां चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के नेता भी मौजूद रहेंगे। कूटनीतिक हलकों का कहना है कि यह फैसला अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव और वैश्विक समीकरणों को देखते हुए लिया गया हो सकता है। यानी मोदी का 'स्टेप बैक' कहीं ज्यादा रणनीतिक भी हो सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वापसी

23 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूएनजीए को संबोधित करेंगे। यह उनके व्हाइट हाउस में दूसरी बार वापसी के बाद पहला बड़ा वैश्विक मंच होगा। दिलचस्प यह है कि ट्रंप ने हाल ही में भारत पर रूस से तेल खरीद को लेकर नाराजगी जतायी थी और यहां तक कह दिया कि 'अमेरिका भारत और रूस को चीन के हवाले खो चुका है।' इसके बावजूद उन्होंने मोदी को 'ग्रेट प्राइम मिनिस्टर' कहकर निजी रिश्ते अच्छे होने का दावा किया।

### हरियाणा स्टीलर्स ने यूपी योद्धाज को हराया

गगन गौड़ा ने एक बार फिर अपनी चमक दिखाई। गगन ने विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 16वें मैच में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ सुपर रेड के साथ 13 अंक जुटाए। शुरूआती 10 मिनट में यूपी का बोलबाला रहा। लेकिन तीन मिनट बचे थे और यूपी ने गुमान सिंह के साथ दांव खेला। आते ही उन्होंने दो अंक लिए और फासला 5 का कर दिया। गुमान अगली रेड पर आउट हुए लेकिन इसी बीच गगन ने सुपर-10 पूरा किया लेकिन यूपी अपना आलआउट नहीं बचा सकी। आलइन के बाद सेतपाल और राहुल अत्री ने हाई-5 पूरा किया और साथ ही हरियाणा ने मैच अपनी गिरफ्त में कर लिया।



## जोधपुर में आरएसएस की तीन दिवसीय समन्वय बैठक शुरू, राष्ट्रीय एकता से लेकर शिक्षा नीति तक पर मंथन

(जीएनएस)।

राजस्थान में जोधपुर के लालसागर स्थित आदर्श डिफेंस एंड स्पोर्ट्स परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय समन्वय बैठक शुक्रवार को शुरू हुई। 7 सितंबर तक चलने वाली इस बैठक में देश की मौजूदा परिस्थितियों और विभिन्न राज्यों में सामने आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हो रही है।

बैठक की शुरूआत में जमीनी स्तर पर संघ और उससे जुड़े संगठनों के अनुभव साझा किए गए। इसमें विशेष रूप से पंजाब, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों की परिस्थितियों का आकलन किया गया और वहां चल रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। संघ ने कहा कि आज भी देश में जाति, भाषा, क्षेत्र और पंथ के नाम पर समाज को विभाजित करने की कोशिशें हो रही हैं,





जो राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए गंभीर खतरा हैं।

बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सोदान सिंह, वी सतीश सहित संघ और उससे जुड़े 32 संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। चर्चा का मुख्य केंद्र पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, आत्मनिर्भर व्यवस्था और नागरिक कर्तव्य पालन) रहा। इसके अलावा संघ शताब्दी वर्ष की तैयारियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में हो रही प्रगति पर भी विचार किया गया।

इस बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक स्थल पर पहुंचकर संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। उनके साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और वी सतीश भी मौजूद रहे। बाद में मुख्यमंत्री ने नड्डा से अलग से चर्चा की।

माना जा रहा है कि शनिवार और रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी संघ प्रमुख से मुलाकात कर सकते हैं। शाह की मौजूदगी से इस बैठक का महत्व और बढ़ जाएगा। आरएसएस की यह बैठक न केवल संगठन के भीतर की समीक्षा है, बल्कि आने वाले समय में देश की राजनीतिक और सामाजिक दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

## बांसवाड़ाः पीएम मोदी 20 सितंबर को कर सकते हैं 50 हजार करोड़ के न्यूक्लियर पावर प्लांट का शिलान्यास

(जीएनएस)।

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में ऊर्जा क्षेत्र का बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 20 सितंबर को यहां आगमन की संभावना जताई जा रही है। इस दौरान वे करीब 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 2800 मेगावाट क्षमता के न्यूक्लियर पावर प्लांट का शिलान्यास कर सकते हैं।

इस हाई-प्रोफाइल प्रोजेक्ट को लेकर जिला प्रशासन और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ठढउक्छ) ने तैयारियां तेज कर दी हैं। हालांकि पीएमओ से अभी तक औपचारिक मंजूरी या अधिकृत कार्यक्रम राज्य सरकार व जिला प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद सुरक्षा से लेकर प्रोटोकॉल तक की व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं।





राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर में मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री का संभावित दौरा बेहद महत्वपूर्ण है और इसे लेकर राजनीतिक व प्रशासनिक स्तर पर समन्वय शुरू कर दिया गया है। उनका कहना था कि पीएम मोदी का यह दौरा राजस्थान के ऊर्जा क्षेत्र को नई पहचान देगा और दक्षिणी राजस्थान के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

2800 मेगावाट क्षमता वाला यह न्यूक्लियर पावर प्लांट राजस्थान का अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा प्रोजेक्ट माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके शुरू होने से न सिर्फ राज्य बल्कि देशभर में बिजली आपूर्ति को मजबूती मिलेगी। साथ ही, हजारों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी खुलेंगे।

यदि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय होता है, तो बांसवाड़ा का यह दौरा राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद अहम माना जाएगा। विधानसभा चुनावी माहौल के बीच इतना बड़ा निवेश और पीएम की मौजूदगी सीधे तौर पर जनता को ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे बदलाव का संदेश देगी।

## उत्तराखंड:ऑपरेशन कालनेमी के तहत 14 लोगों की गिरफ्तारी

(जीएनएस)।

उत्तराखंड सरकार ने ऑपरेशन कालनेमि के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले आध्यात्मिक नेताओं के खिलाफ अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। यह पहल उन व्यक्तियों को लक्षित करती है जो कथित तौर पर धोखे और धार्मिक रूपांतरण में शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून-व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि 5,500 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिसके परिणामस्वरूप 1,182 लोगों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई है। जुलाई में ऑपरेशन की शुरूआत के बाद से, अधिकारियों ने 14 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल हैं। अगस्त में, अधिकारियों ने नोट किया कि 4,000 लोगों से पूछताछ के बाद 300 गिरफ्तारियां की गई थीं। भरणे ने ऑपरेशन की सफलता पर प्रकाश डाला, जिसमें बड़ी संख्या में व्यक्तियों की जांच की गई।

## जीएसटी 2.0 के बाद अब रेगुलेटरी सुधार पर सरकार का फोकस, निर्मला सीतारमण ने बताया क्या है पूरा प्लान?

(जीएनएस)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में किए गए जीएसटी दरों में बड़े सुधारों कि इससे उपभोग में तेजी आएगी, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रालय का अगला एजेंडा गैर-वित्तीय रेगुलेटर्स पर होगा।

उन्होंने कहा कि यह सुधार लंबे समय से लंबित था और बजट में इसकी घोषणा की गई थी। इनमें प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI), फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) जैसी संस्थाएं शामिल होंगी।

गैर-वित्तीय क्षेत्रों में बड़े सुधार की तैयारी

वित्त मंत्री ने कहा कि एक नियामक सुधार समिति बनाई जाएगी, जो गैर-वित्तीय क्षेत्रों से जुड़े सभी नियम, सर्टिफिकेशन, लाइसेंस और परमिशन की समीक्षा करेगी।



इसका उद्देश्य है -

भरोसे पर आधारित आर्थिक प्रशासन को मजबूत करना।

कारोबार करने की सुगमता को बढ़ाना।

राज्यों को भी इस सुधार प्रक्रिया में जोड़ना।

जीएसटी 2.0: नया ढांचा 22 सितंबर से लागू

हाल ही में जीएसटी परिषद ने बड़ा फैसला लेते हुए दो-स्तरीय दर संरचना को मंजूरी दी है - 5% और 18%। यह नई व्यवस्था 22 सितंबर 2025 से लागू होगी। सीतारमण ने कहा कि वह उत्सुक हैं यह देखने के लिए कि लोग इस सुधार से कैसे लाभान्वित होते हैं।

उन्होंने कहा - "यह चरण बेहद कठिन लेकिन संतोषजनक था। यह जैसे कोई कठिन परीक्षा देना और पास करना। अब असली परीक्षा यह है कि इससे आम लोगों को कितना फायदा होता है।"

### गुगल के लिए यूरोपीय यूनियन से क्यों भिड़े डोनाल्ड ट्रम्प? बड़ी कार्रवाई की दे दी धमकी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में यूरोपीय संघ (एव) के उस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई है, जिसमें गूगल पर 3.5 बिलियन डॉलर का जुमार्ना लगाया गया। ट्रंप ने इसे बिल्कुल गलत और भेदभावपूर्ण बताया और साफ कहा कि उनका प्रशासन ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं करेगा।



यूरोपीय आयोग का कहना है कि गूगल अपनी ऑनलाइन विज्ञापन तकनीक से प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचा रहा है, इसलिए उसे यह जुमार्ना देना पड़ा। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यूरोप ने ये जुमार्ना वापस नहीं लिया, तो अमेरिकी प्रशासन अमेरिकी निवेश और नौकरियों की रक्षा के लिए कदम उठाएगा।




## डीआरडीओ ने उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए एमएसएमई की क्षमता निर्माण हेतु सम्मेलन का आयोजन किया





(जीएनएस)।

डीआरडीओ के रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र (डीटीटीसी), लखनऊ ने 06 सितंबर, 2025 को अमौसी परिसर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे को और विकसित करना था। विभिन्न एमएसएमई, स्टार्ट-अप और लघु उद्योग भारती के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने डीआरडीओ द्वारा कौशल विकास, अनुसंधान एवं विकास हेतु वित्त पोषण, तकनीकी परामर्श और प्रौद्योगिकी विकास एवं हस्तांतरण के पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

अपने उद्घाटन भाषण में, डीआरडीओ अध्यक्ष ने डीटीटीसी को रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के दिमाग की उपज बताया, जो आज उद्योगों के लाभ के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने एमएसएमई को विभिन्न तकनीकों और उद्योग-केंद्रित नीतियों के बारे में जानकारी दी और कहा कि एमएसएमई के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास में शामिल होने का यह उपयुक्त समय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि डीआरडीओ देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए एमएसएमई को हर संभव सहायता प्रदान करेगा।

रक्षा मंत्री ने सम्मेलन के आयोजन के लिए डीआरडीओ और एमएसएमई की सराहना की और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में एमएसएमई द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले गणमान्य व्यक्तियों में महानिदेशक (नौसेना प्रणाली एवं सामग्री) डॉ. आर.वी. हारा प्रसाद, महानिदेशक (प्रौद्योगिकी प्रबंधन) डॉ. एल.सी. मंगल और महानिदेशक (मानव संसाधन) डॉ. मयंक द्विवेदी शामिल थे।

## अमेरिका ने रक्षा विभाग का नाम 'युद्ध विभाग' क्यों किया? क्या है इसका मतलब और ट्रंप ने किसे दिया संदेश

(जीएनएस)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा कदम उठाते हुए पेंटागन का नाम बदलकर 'युद्ध विभाग' कर दिया है। इस आदेश पर राष्ट्रपति ने हस्ताक्षर कर इसे तुरंत लागू कर दिया। ट्रंप का कहना है कि अमेरिका ने पहले और दूसरे विश्व युद्ध में जीत हासिल की है और वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए देश को फिर से तैयार रहना चाहिए।

डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि, इस बदलाव का मकसद न केवल अमेरिका के दुश्मनों को चेतावनी देना है, बल्कि सहयोगियों और नागरिकों को यह संदेश देना है कि अमेरिकी सेना पूरी ताकत और तैयारी के साथ खड़ी है।

अमेरिका के दुश्मनों को संदेश

पेंटागन का नाम पहले भी 'युद्ध विभाग' था, लेकिन 1949 में इसे बदलकर रक्षा विभाग कर दिया गया। ट्रंप ने कहा कि वर्तमान वैश्विक हालात और अमेरिका की सैन्य शक्ति को देखते हुए पुराने नाम को फिर से बहाल करना जरूरी था। आदेश पर हस्ताक्षर करते समय युद्ध सचिव पीट हेगसेथ और जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ डैन केन भी मौजूद थे। ट्रंप ने बताया कि यह नाम अमेरिका के




दुश्मनों और सहयोगियों दोनों को यह संदेश देगा कि देश युद्ध और सुरक्षा दोनों के लिए पूरी तरह तैयार है।

युद्ध विभाग पर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी

अमेरिका के युद्ध विभाग पर अब देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य नीतियों और विदेशी खतरों से सुरक्षा की जिम्मेदारी होगी। यह विभाग सेना, नौसेना, वायु सेना, मरीन कॉर्प्स और अंतरिक्ष सेना का संचालन और प्रबंधन करेगा। युद्ध विभाग की जिम्मेदारी में युद्ध रणनीति बनाना, शांति स्थापना के कार्यक्रम, आपदा प्रबंधन, हथियारों और डिफेंस टेक्नोलॉजी का विकास और खरीद फरोख्त शामिल हैं। इसके अलावा, विभाग अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधन और सहयोग बढ़ाने का कार्य भी करेगा।

1949 में बदला गया था नाम

युद्ध विभाग की कहानी थोड़ी पुरानी है। सबसे पहले इसकी स्थापना पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन ने की थी। उस समय इसका मकसद देश की सुरक्षा और सेना की मजबूत संरचना तैयार करना था। बाद में साल 1947 में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत सेना, नौसेना और वायु सेना को एक साथ लाकर इसे और अधिक संगठित बनाया गया। फिर अगस्त 1949 में इसका नाम बदलकर रक्षा विभाग रख दिया गया, ताकि यह सिर्फ युद्ध के लिए नहीं बल्कि देश की कुल रक्षा और सुरक्षा के लिए काम करे।

लेकिन अब, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश के बाद यह विभाग फिर से अपने पुराने नाम 'युद्ध विभाग' के नाम से जाना जाएगा। ट्रंप के मुताबिक, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह नाम ज्यादा सटीक और जरूरी था। इसका मुख्यालय पेंटागन में है और पूरे विभाग का नेतृत्व रक्षा सचिव करता है। इसका मतलब यह है कि अब युद्ध, सुरक्षा, रणनीति और सेना से जुड़ी सभी जिम्मेदारियां इसी विभाग के अंतर्गत आएंगी।

## लखनऊ एमिटी यूनिवर्सिटी कैंपस : लड़की ने अपने क्लासमेट को कार में बैठाया और कर दी थप्पड़ों की बरसात

(जीएनएस)।

लखनऊ की एमिटी यूनिवर्सिटी कैंपस में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक छात्रा ने अपने दो क्लासमेट्स को कार में बिठाकर एक लॉ स्टूडेंट पर करीब डेढ़ मिनट में 26 थप्पड़ बरसाए। यह पूरी घटना कैंपस की पार्किंग में हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

पीड़ित छात्र इस वारदात के बाद मानसिक रूप से परेशान है और उसने कॉलेज जाना भी बंद कर दिया है। घटना ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और कैंपस सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जबकि अभिभावक और छात्र इस हिंसक वारदात को देखकर हैरान और चिंतित हैं।

घटना कैसे हुई?

जानकारी के अनुसार, एमिटी यूनिवर्सिटी की पार्किंग में यह चौंकाने वाली घटना घटित हुई। छात्रा ने अपने दो क्लासमेट्स को कार में बिठाया और फिर एक लॉ स्टूडेंट पर लगातार ताबड़तोड़ थप्पड़ मारने शुरू किए। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छात्रा अपने दोस्तों के सामने पीड़ित छात्र पर थप्पड़ मार रही है। वहीं, एक अन्य छात्र ने इस पूरे मामले का रिकॉर्डिंग कर ली, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर वायरल




कर दिया गया।

पीड़ित छात्र का आरोप है कि यह हमला केवल शारीरिक नहीं था, बल्कि उसकी बेइज्जती और इमेज खराब करने के लिए जानबूझकर किया गया। घटना ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और कैंपस सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

इस घटना ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभिभावक और छात्र प्रशासन से स्पष्टीकरण और कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने इस मामले को और सुर्खियों में ला दिया है और लोगों में इसे लेकर चिंता और आक्रोश फैल गया है। वहीं लखनऊ पुलिस ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, 'प्रकरण में थाना चिनहट पर प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है, अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पीड़ित छात्र ने क्या कहा?

'दैनिक भास्कर' से बातचीत में LLB सेकेंड ईयर स्टूडेंट शिखर ने अपनी आपबीती साझा की। उन्होंने बताया कि 11 जून को उनका घुटने और लिगामेंट का ऑपरेशन हुआ था, जिसके चलते वे करीब दो महीने यूनिवर्सिटी नहीं जा पाए थे। वे 8 अगस्त से फिर कॉलेज आने लगे।

घटना 26 अगस्त की है। शिखर ने कहा, 'मैं अपने दोस्त के साथ कैंपस में था, उसी समय मेरे बैच के कुछ साथी स्टूडेंट्स कार में आकर बैठे और अचानक मेरी पिटाई शुरू कर दी। मैं कुछ समझ पाता उससे पहले ही ताबड़तोड़ तमाचे मुझे मारे गए।' उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान एक लड़की और आयुष यादव नाम का छात्र गुस्से में थे और उन्हें मां-बाप और बहन की गंदी गालियां दी जा रही थीं। शिखर ने कहा, 'इन सभी ने मिलकर मुझे इतना मारा कि मैं पूरी तरह बेबस हो गया। इसके अलावा, उन्होंने मेरा फोन लेकर मेरी सभी चैट डिलीट कर दी और फोन व सिम तोड़ दिया।'

## कौन हैं इंजीनियर राशिद? जम्मू-कश्मीर के सांसद की तिहाड़ जेल में ट्रांसजेंडर कैदियों ने की धुनाई, क्या था मामला

(जीएनएस)।

तिहाड़ जेल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर राशिद (एल्लॅल्लीी१ फ्रॅ्रॅ) के साथ ट्रांसजेंडर कैदियों ने मारपीट की है। इस घटना ने जेल सुरक्षा और सांसद की हालत को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि- आखिर विवाद इतना बढ़ा कैसे कि मारपीट की नौबत आ गई?

जानकारी के मुताबिक, जेल नंबर-2 में कैदियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बात इतनी बढ़ गई कि इंजीनियर राशिद पर ट्रांसजेंडर कैदियों ने हमला कर दिया। जेल प्रशासन ने बीच-बचाव कर स्थिति को काबू में किया और राशिद की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जेल प्रशासन का कहना है कि इस घटना में राशिद को सिर्फ हल्की चोटें आई हैं और हत्या की साजिश जैसी खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

सूत्रों के अनुसार, एक हफ्ते पहले तिहाड़ जेल नंबर 3 में राशिद और ट्रांसजेंडर कैदियों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद उनकी पिटाई कर दी गई। राशिद की पार्टी ने आरोप लगाया कि ट्रांसजेंडर कैदियों को 'उकसाया जाता है ताकि माहौल बिगाड़ा जा सके।' वहीं जेल अधिकारियों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि घटना मामूली झगड़े तक ही सीमित थी।

## पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने चीन में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड' (आईईएसओ-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया

**प्रतिष्ठित वैश्विक ओलंपियाड में टीम इंडिया ने 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य सहित 7 पदक जीते**

**डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्टार्टअप क्रांति से प्रेरित टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवाओं में आकांक्षाओं की सराहना की**

**एनईपी-2020 पारंपरिक विषय बाधाओं से युवा मस्तिष्कों को मुक्त करके उनकी क्षमता को उजागर कर रहा है: डॉ. जितेंद्र सिंह**

**उभरते क्षेत्रों की ओर रुख: पृथ्वी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष क्षेत्र और स्टार्ट-अप आधारित स्व-रोजगार**

**मंत्री ने छात्रों से विज्ञान ज्योति, छात्रवृत्ति, फैलोशिप और अनुसंधान अनुदान जैसे नए सरकारी प्रोत्साहनों और पहलों का पता लगाने का आग्रह किया**







(जीएनएस)।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 8-16 अगस्त 2025 तक चीन के जिनिंग में आयोजित 18वें "अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड" (आईईएसओ-2025) में भारतीय टीम के विजेता छात्रों को सम्मानित किया।

टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल सात पदक - 1 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य - हासिल किए, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय भूविज्ञान युवा आंदोलन (आई-जीवाईएम) रिपोर्टर श्रेणी में तीसरा पुरस्कार भी प्राप्त किया।

विजेता छात्रों में शामिल हैं: डृ रयांश गुप्ता (सत पॉल मित्तल स्कूल, लुधियाना, पंजाब)- स्वर्ण, रजत और आई-जीवाईएम तृतीय पुरस्कार डृ चारुव्रत बैंस (एमजीएन पब्लिक स्कूल, कपूरथला, पंजाब) - 2 रजत, 1 कांस्य डृ अपम निधि पांडे (पीएम श्री केवी नंबर 1, जयपुर, राजस्थान) - 1 रजत डृ प्रियांशी घनघास (एमडी इंद्रप्रस्थ सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, दिल्ली) - 1 कांस्य

छात्रों को मार्गदर्शक प्रोफेसर देवेश वालिया और प्रोफेसर हेमा अच्युतन द्वारा मार्गदर्शन दिया गया तथा वैज्ञानिक-जी डॉ. जगवीर सिंह पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्र को गौरव दिलाने वाले युवा उपलब्धि हासिल करने वालों की सराहना करते हुए कहा कि ये परिणाम पिछले दशक में भारत की स्टार्टअप क्रांति के बाद युवाओं, विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवाओं में नई आकांक्षा की भावना को दर्शाते हैं।

मंत्री महोदय ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) ने युवा मस्तिष्कों को कठोर विषय धाराओं की सीमाओं से मुक्त करके और उन्हें विविध विषयों का अन्वेषण करने में सक्षम बनाकर उनकी रचनात्मक क्षमता को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह पारंपरिक पाठ्यक्रमों से हटकर पृथ्वी विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप आधारित स्व-रोजगार जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों की ओर एक आदर्श बदलाव को प्रोत्साहित कर रहा है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे विज्ञान ज्योति, छात्रवृत्ति, फेलोशिप और अनुसंधान अनुदान जैसी पहलों के माध्यम से सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे अवसरों का सक्रिय रूप से लाभ उठाएं, ताकि उनके विचारों को आगे बढ़ाया जा सके और उन्हें समाज के लिए लाभकारी बनाया जा सके।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने बताया कि मंत्रालय हर साल भारत के 300 केंद्रों पर भारतीय राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (आईएनईएसओ) आयोजित करके आईईएसओ के लिए छात्रों का समर्थन करता है। लगभग 30 चयनित छात्रों में से, चार का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में आईईएसओ में भारत का प्रदर्शन बेहद उत्साहजनक रहा है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी खोज को केवल प्रतियोगिताएं जीतने तक ही सीमित न रखें, बल्कि अपने क्षितिज को व्यापक बनाएं और नागरिकों की व्यापक भलाई के लिए वास्तविक जीवन की समस्याओं को हल करने के लिए अपने नवाचारों को लागू करें।

अंतर्राष्ट्रीय भूविज्ञान शिक्षा संगठन (आईजीईओ) द्वारा 2003 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (आईईएसओ), दुनिया भर के माध्यमिक विद्यालय के छात्रों (कक्षा क-क्क) के लिए एक वार्षिक प्रतियोगिता है। भारत 2007 से इसमें भाग ले रहा है और 2013 में मैसूर में इसके 10वें संस्करण की मेजबानी की थी।

## 'साड़ी- साया खोलकर परेड करवाऊंगा', कौन है सारिका पासवान? तेजस्वी यादव ने क्यों किया जिक्र?

(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को अपशब्द कहे जाने के खिलाफ आज एनडीए ने बिहार बंद बुलाया तो वहीं दूसरी ओर बीजेपी लगातार कह रही है कि' महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां को गाली दी गई। ये बेहद शर्मनाक है, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव देश से माफी मांगें।'

तो वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि 'हमारा कल्चर नहीं है कि हम किसी की मां को गाली दें या अपमान करें लेकिन आज पीएम मोदी रो रहे हैं लेकिन जब इन्हीं के लोग महिलाओं का अपमान करते हैं तो ये चुप क्यों रहते हैं, जब हमारी प्रवक्ता को नंगा घुमाने की धमकी दी गई थी तो ये कहां थे, ये दोहरा चरित्र नहीं




चलेगा।'

तेजस्वी के इस बयान के बाद अचानक से सोशल मीडिया पर सारिका पासवान नाम चर्चित हो गया और लोग उनके बारे में सर्च करने लगे। इसी बीच खुद सारिका पासवन ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड करके पीएम मोदी से न्याय मांगते हुए कई सवाल किए हैं।

'एक दलित बेटी,बहन और एक मां हूं मेरे साथ न्याय कब होगा'

उन्होंने वीडियो में कहा कि 'माननीय प्रधानमंत्री @nfarendramodije मैं बिहार की और इस देश की एक दलित बेटी,बहन और एक मां हूं मेरे साथ न्याय कब होगा, न्याय हो भी पायेगा या नहीं , क्या आपकी इस दलित बहन/बेटी के लिए भी बिहार बंद होगा जिसको आपकी पार्टी के लोगों ने सरे बाजार निर्वस्त्र कर के नंगा सड़क पर घुमाने की धमकी दी, अनगिनत रेप थ्रेट कॉल किया गया, आपको छठ मईया कि सौगंध इस दलित बहन/बेटी/मां के साथ न्याय कब होगा!'

आपको बता दें कि सारिका पासवान राजद की प्रवक्ता हैं और दलित समुदाय से आती हैं और लंबे वक्त से RJD के साथ जुड़ी हुई हैं। अपने तीखे बयानों की वजह से भी वो सोशल मीडिया चर्चित रहती हैं और अक्सर टीवी डिबेट में दिखाई देती हैं। जिस घटना का जिक्र यहां हो रहा है वो जून 2025 की है।

'साड़ी -साया खोलकर घुमाने की धमकी दी थी'

दरअसल ये मामला जून 2025 का है। जब Bhumihar Brahman Ekta Manch Foundation के अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने उनपर तथाकथितत विवादित टिप्पणी की थी। जिस पर काफी बवाल मचा था। सारिका पासवान के मुताबिक ब आशुतोष कुमार ने उन्हे 'साड़ी और साया खोलकर घुमाने की धमकी दी थी , उन्होंने उसे 100-200 रात बिताने वाली सड़क छाप छपरी' कहा था।' हालांकि बाद में आशुतोष के एक्स अकाउंट से ये पोस्ट बाद में हटा ली गई थी और कहा गया था कि उनका अकाउंट हैक हो गया था लेकिन सारिका पासवान ने उनको आड़े हाथों लिया था और राजद ने भी इस बात के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था।

'दो कौड़ी के लफंगे! तेरी और तेरे खानदान की इतनी औकात नहीं'

तब सारिका पासवान ने एक्स पर लिखा था कि 'दो कौड़ी के लफंगे! तेरी और तेरे खानदान की इतनी औकात नहीं कि दलित-बहुजन की बेटी की तरफ आंख उठा कर देख सको।' उनकी पोस्ट के बाद पटना के एससी-एसटी पुलिस स्टेशन में आशुतोष के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। हाल ही में पीएम मोदी के साथ आशुतोष कुमार की तस्वीरें वायरल हुई, जिसकी वजह से ये मुद्दा फिर से गर्म हो गया। गौरतलब है कि आशुतोष कुमार ब्राह्मण भूमिहार एकता मंच के राष्ट्रीय संयोजक हैं और हाल ही में बीजेपी में शामिल हुए हैं।

## लंबी सुरक्षा कतारों के बीच यूएस ओपन में ट्रंप की उपस्थिति पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

(जीएनएस)।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को यूएस ओपन पुरुष फाइनल में शामिल हुए, जहाँ उनकी उपस्थिति पर भीड़ ने जयकारे और सीटी बजाकर प्रतिक्रिया दी। आर्थर ऐश स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रम्प की यात्रा से जुड़ी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण देरी हुई। इन सावधानियों के बावजूद, कई दर्शकों को लंबी कतारों का सामना करना पड़ा और मैच की शुरूआत छूट गई।



यूएस ओपन के फाइनल में ट्रम्प को हूटिंग का सामना करना पड़ा

ट्रम्प, सूट और लाल टाई में सजे हुए, मैच शुरू होने से लगभग 45 मिनट पहले अपने सुइट से संक्षिप्त रूप से प्रकट हुए। उनकी उपस्थिति बिना घोषणा के और संक्षिप्त थी, जिसके परिणामस्वरूप कुछ दर्शकों ने इसे मिस कर दिया। वह राष्ट्रगान से पहले फिर से दिखाई दिए, जिससे दर्शकों से और अधिक सीटी बजी। राष्ट्रगान के दौरान, ट्रम्प ने सलामी दी और उन्हें स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया, जिससे भीड़ की प्रतिक्रिया और तेज हो गई।

राष्ट्रगान के बाद, ट्रम्प ने पास में मौजूद समर्थकों के एक छोटे समूह को स्वीकार किया, इससे पहले कि वह स्पेन के कार्लोस अल्काराज और इटली के जेनिक सिनर के बीच मैच देखने के लिए सुइट की बालकनी पर बैठ गए। पूरे खेल के दौरान, ट्रम्प ने ज्यादातर तालियाँ बजाने से परहेज किया, यहाँ तक कि उन महत्वपूर्ण अंकों के दौरान भी जिससे भीड़ उत्साहित हो गई। पहले सेट के बाद बड़ी स्क्रीन पर उनकी उपस्थिति ने और जोरदार सीटी बजाई, जिसका उन्होंने एक मुट्ठी उठाकर जवाब दिया।

मैच की शुरूआत को सीक्रेट सर्विस द्वारा सुरक्षा जांच को समायोजित करने के लिए आधा घंटा देरी से शुरू किया गया। इन उपायों के बावजूद, कई प्रशंसक खेल शुरू होने के बाद भी बाहर ही रहे। सीक्रेट सर्विस ने बाद में एक बयान जारी कर स्वीकार किया कि ट्रम्प की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रयासों की आवश्यकता थी, जिसके कारण देरी हुई होगी।

ट्रम्प ने रोलेक्स के एक अतिथि के रूप में भाग लिया, जबकि उन्होंने अपने प्रशासन के दौरान स्विस उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाया था। यू एस टेनिस एसोसिएशन ने प्रसारणकर्ताओं से कोर्ट के बाहर की गड़बड़ी को प्रदर्शित करने से बचने का अनुरोध करके नकारात्मक प्रतिक्रियाओं को कम करने की कोशिश की। हालाँकि, ट्रम्प की उपस्थिति ने आयोजन के दौरान कोई बड़ी गड़बड़ी पैदा नहीं की।

यह यात्रा जनवरी में पदभार संभालने के बाद से प्रमुख खेल आयोजनों में भाग लेने के ट्रम्प के पैटर्न का हिस्सा है। रविवार के मैच से पहले, उन्होंने न्यू ऑरलियन्स में सुपर बाउल और मियामी और नेवार्क में यूएफसी फाइट्स जैसे आयोजनों में भाग लिया। हालाँकि कुछ भीड़ ने इन आयोजनों में उनका अभिवादन किया, अन्य ने अस्वीकृति व्यक्त की।

राष्ट्रपति ने रोलेक्स के निमंत्रण को स्वीकार किया, जबकि स्विस सामान पर 39 प्रतिशत का शुल्क लगाया जो यूरोपीय संघ और ब्रिटिश निर्यात पर अमेरिका में लगाए गए शुल्क से काफी अधिक है। व्हाइट हाउस ने एक कॉर्पोरेट निमंत्रण को स्वीकार करने पर ट्रम्प की टिप्पणी नहीं की, लेकिन राजनीतिक फैसलों के साथ व्यक्तिगत व्यावसायिक हितों को बढ़ावा देने के उनके इतिहास पर ध्यान दिया।